# नियमों की अनदेखी : खापाबाजार वेयरहाउस में बिना स्लॉट हजारों क्विंटल गेहूं स्टॉक

**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले के खापा बाजार स्थित खरीदी केंद्र बनाए गए एक निजी वेयरहाउस में नियमों को ताक पर रखकर हजारों कुंटल गेहूं भंडारण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पहले सामने आए करीब 2000 कुंटल गेहूं के मामले के बाद अब यह सवाल और गहराता जा रहा है कि आखिरकार इतनी बड़ी मात्रा में बिना पंजीयन और बिना स्लॉट बुकिंग के गेहूं कैसे पहुंचा? सूत्रों के अनुसार, यह पूरा स्टॉक वेयरहाउस संचालक शोभा राय से जुड़ा बताया जा रहा है। मौके पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव और नियमों का खुला वेयरहाउस कॉरपोरेशन अधिकारियों पर मेहरबानी के आरोप, 4 दिन बाद भी कार्रवाई शून्य वेयरहाउस कॉरपोरेशन सिवनी की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

## जिला प्रबंधक की चुप्पी, कार्रवाई पर सवाल, मीडिया को नजरअंदाज

मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन के जिला प्रबंधक रविंद्र तारम पर आरोप लग रहे हैं कि पूरे मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। चार दिन बीत जाने के बावजूद न वेयरहाउस संचालक पर कार्रवाई हुई। न स्टॉक की जब्ती न जांच की स्पष्ट स्थिति इससे यह धारणा बन रही है कि लापरवाही करने वालों पर विभाग मेहरबान है। और इस मामले मे मीडिया से दूरी, फोन ना उठाना और जवाब देने से परहेज करना कहीं ना कहीं यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि इस मामले में मोटी रकम लेने की चर्चा सामने आ रही है और मामले की गंभीरता के बावजूद संबंधित अधिकारी मीडिया के सवालों से बचते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, जिला प्रबंधक द्वारा स्पष्ट जवाब देने से परहेज किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता पर और सवाल खड़े हो रहे हैं।

## जिले में गेहूं खरीदी का बड़ा खेल

जहां एक ओर किसान पंजीयन स्लॉट बुकिंग लंबी लाइनों जैसी प्रक्रियाओं से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हजारों कुंटल गेहूं बिना नियमों के भंडारित होना किसानों के साथ सीधा अन्याय माना जा रहा है। किसानों का कहना है कि उनकी परेशानी और मेहनत को नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि नियम तोड़ने वालों को संरक्षण मिल रहा है। उल्लंघन इस बात की ओर इशारा करता है कि यहां सुनियोजित तरीके से बड़ा खेल चल रहा है।

## डीएसओ टीम की भूमिका पर भी उठे गंभीर सवाल, जांच की मांग तेज

खापा बाजार स्थित राय वेयरहाउस में बिना स्लॉट और बिना पंजीयन हजारों क्विंटल गेहूं भंडारण के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। अब इस पूरे प्रकरण में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली, विशेषकर डीएसओ मनोज पुराविया की टीम की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।और नियम के अनुसार, किसी भी निजी वेयरहाउस को खरीदी केंद्र घोषित करने से पहले विभागीय टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण किया जाता है। इसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि व केंद्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हों लेकिन यहां पर कुछ सुविधा नहीं कि इसके बावजूद भी अनदेखा किया जाना और भंडारण क्षमता और व्यवस्था सही हो। किसी प्रकार की अनियमितता या पूर्व स्टॉक न हो इसके बाद ही संबंधित केंद्र को खरीदी के लिए स्वीकृति दी जाती है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जब खापा बाजार स्थित राय वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया होगा, तब क्या वहां पहले से गेहूं का भारी स्टॉक नहीं था? अगर था, तो उसे नजरअंदाज क्यों किया गया? क्या जांच रिपोर्ट जानबूझकर क्लीन चिट देने के लिए बनाई गई?



**डीएसओ टीम की भूमिका संदिग्ध? दोनों अधिकारियों को नहीं है कलेक्टर का डर**

स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज है कि यदि निरीक्षण के दौरान इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं मौजूद था और फिर भी केंद्र को स्वीकृति दी गई, तो यह महज लापरवाही नहीं बल्कि मिलीभगत की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों और किसानों के बीच यह भी चर्चा है कि खरीदी केंद्र की स्वीकृति में मोटी रकम के लेनदेन की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बाद भी ऐसे अधिकारियों को कलेक्टर का कोई डर नहीं दिखाई दे रहा है और ऐसे निष्क्रिय अधिकारियों के चलते आज जिले में किसानों की परेशानियां और भी बढ़ती जा रही है वहीं विभागीय सूत्रों की जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि जब से यह अधिकारी जिले में पदस्थ है तब से ऐसी कोई बड़ी उपलब्धियां या करवाई इनके द्वारा नहीं की गई है अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि इसके बाद भी जिला प्रशासन ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे है देखने और सुनने को मिल रहा है लेकिन जनप्रतिनिधि और जिले की जनता को नवागत कलेक्टर नेहा मीणा से बहुत उम्मीद है और उसे उम्मीद के चलते आगर जिला प्रशासन ऐसे अधिकारी पर कार्यवाही करती है तो निश्चित तौर पर सिवनी जिले के लिए एक ऐतिहासिक कार्रवाई मानी जाएगी



बिना स्लॉट के वेयरहाउस में हजारों क्विंटल गेहूं का खेल!

मामला खापाबाजार खरीदी केंद्र का : नियमों को ठेंगा दिखाकर किया भंडारण, जांच की मांग तेज


सिवनी नवभारत। सिवनी जिले के खापा बाजार स्थित एक निजी वेयरहाउस जो खरीदी केंद्र बनाया गया है और वेयरहाउस संचालक में लगभग 2000 क्विंटल गेहूं बिना पंजीयन और बिना स्लॉट बुकिंग के रखे जाने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार यह गेहूं वेयरहाउस संचालक शोभा राय से जुड़ा बताया जा रहा है। और वेयरहाउस भी निजी है जहां शासन ने किसानों की समस्या के चलते यहां खरीदी केंद्र बनाया गया है मौके पर जब टीम पहुंची तो यहां पर ना तो किसी प्रकार की कोई सुविधा दिखाई दे रही है ना ही कोई नियम जिसके चलते इस केंद्र में बड़ा खेल देखने को मिल सकता है जो पूरे क्षेत्र में इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है जिससे किसानों में भारी आक्रोश भी दिखाई दे रहा है कि आखिरकार बिना किसी नियम के इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं का स्टॉक क्यों है क्या बड़े अधिकारी से साठगांठ या मोटी रकम तो नहीं!

वेयरहाउस मालिक ने नियमों को खुली चुनौती दी?

मुझे नियम से मतलब नहीं मेरा खुद का वेयरहाउस है - राय

जब इस मामले में हमारे संवाददाता ने वेयरहाउस की मालिक से बात की तो संचालक द्वारा कथित रूप से कहा गया कि मैं अपनी जमीन मे रख सकता हू, मुझे नियम से मतलब नहीं। यदि यह बयान सही है, तो यह न सिर्फ नियमों की अनदेखी बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था को खुली चुनौती माना जा रहा है और गंभीर अनियमितता की आशंका साफ तौर पर दिखाई दे रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों और अधिकारी सहित विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा (2000 क्विंटल) बिना पंजीयन/स्लॉट निजी वेयरहाउस में भंडारण तो यह मामला जमाखोरी, अवैध खरीदी या फर्जी एंट्री जैसी गतिविधियों से जुड़ा हो सकता है अगर इसकी निष्पक्षता से जांच होती है तो निश्चित तौर पर बड़ा मामला देखने और सुनने को मिल सकता है क्योंकि जाच के बाद ही पुष्टि संभव है।

निजी गेहूं के लॉट में सरकारी गेहूं की बोरियां भी चर्चाओं में





## भारी लेनदेन की चर्चाएं तेज

स्थानीय स्तर पर लेनदेन की चर्चा जोरों पर है वही खरीदी केंद्र स्वीकृति से लेकर निरीक्षण रिपोर्ट तक और अब कार्रवाई में देरी तक हर स्तर पर भारी रकम के लेनदेन की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही संभव होगी, लेकिन लगातार उठ रहे सवाल मामले को और संदिग्ध बना रहे हैं और प्रशासनिक सख्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि यदि जिला प्रशासन सख्त होता, तो अब तक कार्रवाई हो चुकी होती। लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि संबंधित अधिकारी कलेक्टर का डर भी नहीं मान रहे हैं, जिससे प्रशासनिक नियंत्रण पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिसके चलते किसान परेशान, लेकिन जिम्मेदार बेपरवाह है ।

## 4 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

मामला उजागर हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो किसी प्रकार की ठोस जांच शुरू हुई है और न ही कोई कार्रवाई सामने आई है। इस देरी ने प्रशासन और विभाग दोनों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। और पहले से उठ रहे थे व अनियमितता के सवाल खड़े हो रहे हैं और करीब 2000 कुंटल गेहूं बिना पंजीयन/स्लॉट भंडारित मिला निजी स्टॉक के साथ सरकारी बोरियां भी देखी गईं वेयरहाउस संचालक द्वारा नियमों को लेकर कथित तौर पर बेपरवाही दिखाई गई अब इन तथ्यों के साथ विभागीय निरीक्षण पर सवाल जुड़ने से मामला और गंभीर हो गया है। जिसके चलते अब क्षेत्र के किसानों में आक्रोश दिखाई दे रहा है और, निष्पक्ष जांच की मांग और भी तेज हो रही है अगर इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होती है तो बड़ी घटना का अंजाम देखने और सुनने को मिल सकता है क्योंकि किसान बहुत परेशान है और कुछ किसानों का कहना है कि एक ओर उन्हें नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए मजबूर किया जाता है, वहीं दूसरी ओर बड़े स्तर पर अनियमितताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। डीएसओ और उनकी टीम की जांच हो वेयरहाउस संचालक को लाभ पहुंचाने झूठी रिपोर्ट बनाई?



### मोहगांव में भी इन अधिकारियों के चलते हुआ था चकाजाम

सिवनी। मोहगांव वेयर हाउस में किसानों के साथ उनकी गेहूं की फसल खरीदी में की जा रही अनियमितता की सूचना मिलते ही आज सोमवार 20तारीख को दोपहर एक बजे के करीब पहुंचे प्रदेश सचिव डा राजकुमार सनोडिया, कार्यकारी अध्यक्ष तीरथ प्रसाद सनोडिया तो किसानो नें अपनी आपबीती बताई धर्मकाटाँ से तौल नही किया जाना ,बैठने की व्यवस्था अस्त व्यास्थ चंद कुर्सी,पानी के मटके खाली ,जमीन पर गेहूं डालने के चार दिन बाद खराब माल घोषित करना जिसके कारण किसान को तकरीबन दस हजार रुपये की चपत ,सुपरवीजन करता का ना होना,पांच दिन से ट्रेक्टर ट्राली बाहर खड़ी है ,हमालों की कमी आदि आदि ऐसी और भी विसंगतियाँ देखी गई। कोहका, मोहगांव, कारीरात,भंडारपुर, चारगाँव,करहैया, गोबरबेली,पिपररिया, सिल्लोर,कातलबोड़ी, गुंदरई सहित अन्य गाँव से पहुंचे किसान साथियों से चर्चा की और किसानों के हक अधिकार के लिए शासन प्रशासन को अवगत कराने की बात राजकुमार सनोडिया ने की।

### निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए

यह मामला अब केवल वेयरहाउस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे विभागीय सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं अगर डीएसओ मनोज पराविया और उनकी टीम की निष्पक्ष जांच की जाए तो निश्चित तौर पर मामला सामने देखना और सुनने को मिलेगा कि उनकी टीम के द्वारा और उनके द्वारा कितनी बड़ी लापरवाही की गई है अब लापरवाही क्यों की गई है या वेयरहाउस संचालक को लाभ पहुंचाने के लिए इस तरह कार्यवाही तो नहीं की गई है इस बात की पुष्टि जांच में हो सकती है

# पट प्रतियोगिता के एक युग का अंत, अखंड हिंद केसरी डुंगरिया किंग को दी गई अंतिम विदाई



**छपारा नवभारत।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिहिरिया में उस समय शोक की लहर फैल गई, जब पट प्रतियोगिता (बैलगाड़ी दौड़) के बेताज बादशाह 'डुंगरिया किंग' के निधन की खबर सामने आई। बीते एक दशक से पट प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले इस प्रसिद्ध बैल ने 22 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे अंतिम सांस ली।

ज्ञात हो कि ग्राम बिहिरिया के मालगुजार आजिम पटेल को पट प्रतियोगिताओं का शौक विरासत में मिला है। उन्होंने डुंगरिया को केवल एक पशु नहीं, बल्कि एक योद्धा की तरह तैयार किया। अपनी ऊंची कद-काठी, तेज रफ्तार और अद्भुत ताकत के कारण डुंगरिया ने क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई थीं।

डुंगरिया किंग ने अपने करियर में '8888' और 'अखंड हिंद केसरी' जैसे प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किए। मध्य प्रदेश के पट प्रेमियों के बीच वह 'एमपी किंग' के नाम से भी विख्यात था। पिछले 10 वर्षों में उसके दबदबे को कोई चुनौती नहीं दे पाया था।

बताया जा रहा है कि अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण डुंगरिया का निधन हो गया। उसके जाने से पट प्रतियोगिता जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

वहीं गुरुवार सुबह ग्राम बिहिरिया में डुंगरिया का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें आजिम पटेल सहित बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीण और पट प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से अपने प्रिय 'किंग' को अंतिम विदाई दी। पट प्रेमियों का कहना है कि डुंगरिया जैसा बैल दशक में एक बार ही जन्म लेता है और उसकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।

# लोन के नाम पर ठगी और धमकी का आरोप, कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित परेशान

**सिवनी नवभारत।** जिले में एक फाइनेंस कंपनी पर लोन दिलाने के नाम पर गरीब परिवारों से ठगी और दबाव बनाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ितों में जमीला बी, पति जाहिर खान, निवासी गांधी वार्ड सिवनी तथा किरण पटले, पति कमलेश पटले, निवासी ग्राम सालेखुर्द (गुर्रापाठा), तहसील बरघाट सहित अन्य शामिल हैं।

आवेदन के अनुसार, फाइव स्टार फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा लोन स्वीकृत कराने के नाम पर 30 से 40 हजार रुपये तक फाइल/मॉर्गेज चार्ज के रूप में वसूले गए। आरोप है कि कंपनी ने लोन की अवधि 5 वर्ष बताई, लेकिन बाद में उसे बढ़ाकर 7 वर्ष तक कर दिया गया। जब पीड़ितों ने आपत्ति जताई या भुगतान में असमर्थता दिखाई, तो कंपनी से जुड़े लोगों द्वारा घर पहुंचकर गाली-गलौज, धमकी और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें यह भी कहा जाता है कि हमारी ऊपर तक पहुंच है, तुम कुछ नहीं कर सकते, जिससे वे भय और दबाव में हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि कई परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं और इस तरह की वसूली से उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई है।



बताया गया कि इस मामले की शिकायत पहले भी सिटी कोतवाली सिवनी में की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज पीड़ितों ने पुनः उच्च स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की है।

आवेदन में कंपनी के संबंधित कर्मचारियों पर अवैध वसूली, धोखाधड़ी और धमकी देने जैसे आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज करने तथा मॉर्गेज/वसूली की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। पीड़ितों की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता हिमांशु चक्रवर्ती (जिला सत्र न्यायालय, सिवनी) ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मामले को उच्च स्तर पर ले जाया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि जिन भी लोगों के साथ इस प्रकार की घटना हुई है, वे मोबाइल नंबर 9713861335 पर संपर्क करें, ताकि पीड़ितों की सहायता कर उन्हें न्याय दिलाया जा सके।

पीड़ितों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की फाइनेंस कंपनियों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीब परिवारों का शोषण रुक सके।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विश्व वसुंधरा दिवस कार्यशाला का आयोजन

**सिवनी नवभारत।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम* अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में एन. सी. सी. एवं इकोक्लब के द्वारा प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के संरक्षण में 22 अप्रैल 2026 को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसका थीम आवर पावर आवर प्लेनेट था इस अवसर पर एन सी ऑफिसर डॉ पवन वासनिक ने विश्व वसुंधरा दिवस पर विद्यार्थियों को जल संरक्षण करने की सलाह दी जल स्रोत में प्रदूषण नहीं करें साथ ही पर्यावरण हितैसी जीवन शैली अपनाने की सलाह दी, डॉ दिनेश चित्रिव

इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण के महत्व को बतलाया गया साथ ही यह भी बताया गया कि भविष्य की

पीढ़ियों के लिए भी इस पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वसुंधरा (पृथ्वी) संरक्षण की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम का संचालन डॉ टी पी सागर ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ वर्षा जैन डॉ मनीषा सोनेकर डॉ धनेंद्र गुर्देकर सहित महाविद्यालय स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम के अंत में डॉ संदीप शुक्ला द्वारा सभी का आभार ब्यक्त किया गया

# 6 वर्षीय धरा चौरसिया ने मलेशिया में देश का ध्वज लहराया

**सिवनी नवभारत।** जिला कराते संघ सिवनी एवं टी.एस. शोतोकान कराते डू म.प्र. से 17-18-19 अप्रैल 2026 टी. टी. बग्सा स्टेडियम, मलेशिया में 15वीं साइलेंट नाइट इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में सिवनी जिले के तीन जांबाज कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया ।म.प्र. प्रमुख प्रशिक्षक शिहांन ओमकार कश्यप ने बताया कि जिला कराते संघ सिवनी से तीन कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें 6 वर्षीय कु. धारा चौरसिया ने काता में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर भारत देश का ध्वज मलेशिया में लहराया एवं अपने देश, अपने प्रदेश और अपने जिले के नाम को गौरवित किया ।बालक वर्ग में 16 वर्ष में आर्यन सिंह राजपूत एवं 15 वर्ष में खुशील चंदेल ने कुमिते में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया ।ये सभी छात्र इंटरनेशनल जज सेंसेई कु. राधिका कश्यप द्वारा एडवांस कराते प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है ।कु. धरा चौरसिया, आर्यन सिंह राजपूत, खुशील चंदेल को जिले वासीयो, समस्त खेल संघ एवं जिला कराते संघ व श्रीमान डॉ सुनील अग्रवाल, अंकित मालू, डॉ सिद्धू सर , नरेश सिंह राजपूत, जनक तिवारी जी एवं समस्त पदाधिकारी ने तीनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दिए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की ।



# वन विभाग के कर्मचारियों की तत्परता से बड़ी घटना टली

**दो किसानों के घर को नरवाई की चपेट मे आने से बचाया**

**सिवनी नवभारत।** खेतों मे जलाई जा रही नरवाई की चपेट मे आज जिला सिवनी केवलारी तहसील ग्राम पीपरदौन के दो किसानों के घर चपेट मे आ गए होते अगर समय पर दक्षिण सिवनी सा. वनमंडल केवलारी वन विभाग का अमला मौके पर ना पहुंचा होता। वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेड़े को वन क्षेत्र के समीप पीपरदौन निवासी अमान सिंह वल्द टिवड़ु कुशराम खुमान सिंह कुशराम के घर के खेतों मे आग लगने एवं तेज गति से घर की और बढ़ने की सुचना मिलने पर तत्काल केवलारी प.स केवलारी, सरोज उइके एवं केवलारी बीट प्रभारी अर्पित मिश्रा को घटना स्थल पर पहुँचनें के निर्देश दिए तत्काल दलबल एवं सुरक्षा श्रमिकों एवं फायर वाचार के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुँच कर, आग बुझाने का प्रयास जारी किया गया लेकिन तेज हवा और तेज आग को कंट्रोल करना मुश्किल होता है, इसके विपरीत वन विभाग की टीम नें आग को काबू करनें मे भारी मस्सक्कत की,दोनों घरों को आग की चपेट मे आने से बचा लिया गया। तत्काल पहुँच कर पहले घर के आसपास लाइन काटी गई, और फायर मशीन एवं झाड़ियों से आग को बुझा कर नियंत्रित किया गया.

इस कार्यावाही मे वन विभाग मे प.स केवलारी, सरोज उइके एवं केवलारी बीट प्रभारी अर्पित मिश्रा चंद्र कुमार चंद्रवंशी, अनूप चंद्रवंशी,रामलखन चंद्रवंशी,जहर सिँह, महिपाल मसराम , नें आग नियंत्रित करने मे विशेष भूमिका निभाई।



## नरवाई की आग हुई बेकाबू, डोकारांजी में 6 घर जलकर खाक



**सिवनी नवभारत।** जिले के पलारी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोकारांजी में आज दोपहर नरवाई की भीषण आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया। खेतों से उठी इस आग ने देखते ही देखते बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे 6 ग्रामीणों के आशियाने पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इस अग्निकांड में न केवल लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है, बल्कि बेजुबान पालतू जानवर भी आग की भेंट चढ़ गए। सबसे हृदयविदारक स्थिति उस घर की रही जहां हाल ही में शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि घर में बारात लौटकर आई थी और नई खुशियों का माहौल था। लेकिन इस भीषण आग ने नवदंपति के भविष्य के लिए जुटाया गया सारा सामान, कपड़े और गहने पल भर में राख कर दिए। आग इतनी भयावह थी कि ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घर में बंधे पालतू मवेशी भी आग की लपटों से खुद को नहीं बचा सके। घटना की सूचना मिलते ही प दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं। मौके पर मौजूद दमकल की गाड़ियां आग बुझाने और उसे फैलने से रोकने का प्रयास कर रही हैं। इस आगजनी में संतलाल कनोजिया, कृष्णचंद यादव, राम कुमार डेहरिया, प्रेमचंद,राज कुमार राय व अरविंद बधेल के घर जलकर राख हो गए।

**आयोजन** नगर गौरव दिवस (सिटी-डे) पर भव्य आयोजन

# सिवनी का अपना ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव रहा है : ज्ञानचंद

**सिवनी नवभारत।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 22 अप्रैल को आदि गुरू शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर के ऐतिहासिक मठ मंदिर सिवनी में नगर पालिका सिवनी अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया जी के निर्देशन में नगर गौरव दिवस (सिटी डे) के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का भव्य आयोजन सायं 06 बजे से मठ मंदिर सिवनी में संपन्न हुआ।

विदित होवे कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर गौरव दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य शहरों और कस्बों की सांस्कृतिक विरासत, इतिहास, विकास और स्थानीय पहचान को पुनर्जीवित करना और उसका जश्न मनाना है। नगर पालिका प्रशासन सिवनी द्वारा सिवनी नगर में आदि गुरू शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस के अवसर पर नगर गौरव दिवस (सिटी डे) के रूप में मनाया जाता है। 22 अप्रैल सायं 06 बजे से नगर के मठ मंदिर सिवनी में नगर पालिका परिषद सिवनी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व धर्मसभा का आयोजन किया जिसमें द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी श्रीजगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराजश्री एवं ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराजश्री को आमंत्रित किया गया। विशिष्ट अतिथियों जिले के सांसद महोदय, विधायक महोदय, जिलाध्यक्ष महोदय, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर एवं समस्त पार्षद महोदय सहित सभी जनप्रतिनिधियों की गरिमायमय उपस्थिति में महाराजश्री द्वारा भगवान भोलेनाथ एवं आदि गुरू शंकराचार्य जी की मूर्ति का पूजन/अर्चन किया गया। तदोपरांत समस्त अतिथियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पादुकापूजन कर महाराजश्री का स्वागत वंदन पुष्पवर्षा कर किया गया। महाराजश्री के आगमन के पूर्व ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज द्वारा अपना आशीर्वचन/उद्बोधन दिया गया।



इसके पश्चात् नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया ने महाराजश्री का भव्य स्वागत किया एवं सिवनी की पावनधरा पर पधारने के लिये महाराजश्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। महाराजश्री के चरणों में कोटि कोटि प्रणाम वंदन नमन कर अपने उद्बोधन की शुरूआत की आपने कहा कि आदि गुरू शंकराचार्य जी ने भारत भ्रमण करके धर्म को स्थापित किया उनके विचारों को आगे बढाने के लिये महाराजजी के श्रीचरण सिवनी की पावन धरा पर पड़े है सिवनी की धरा को तीर्थ मानकर उनकी धर्मसभा को ग्रहण करेंगे और उनके आशीर्वचन से कृतज्ञ रहेंगे। धर्म/राष्ट्र की संस्कृति की रक्षा के लिये जो मार्ग आदि गुरू शंकराचार्य जी दिखाते आ रहे है सभी सनातन प्रेमी आपकी अमृतमय श्रीवाणी से जो रास्ता दिखाया जायेगा उसे है गृहण करेंगे। आपने कहा कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान प्रत्येक शहर का अपना एक अनूठा इतिहास होता है। नगर गौरव दिवस के माध्यम से उस शहर की स्थापना, उसके प्राचीन महत्व, और ऐतिहासिक धरोहरों को याद किया जाता है। निकाय द्वारा आदि गुरू शंकराचार्य जी के अवतरण दिवस पर नगर गौरव दिवस मनाया जा रहा है।

इसके पश्चात् महाराजश्री द्वारा धर्मसभा को संबोधित किया गया। आपने आशीर्वचन में महाराजश्री ने आदि गुरू शंकराचार्य जी की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला एवं अपना आशीर्वाद कार्यक्रम में पहुंचे सभी बंधुओ को दिया।

अंत में कार्यक्रम में पधारें समस्त जनप्रतिनिधिगण/गणमान्य नागरिक/श्रृध्दालुओ का मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विशाल सिंह मस्कोले द्वारा आभार व्यक्त किया गया।